# उत्तर प्रदेश ने सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दिया

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिये महत्त्वपूर्ण सौर ऊर्जा परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है।

## मुख्य बिंदु

- **सौर पार्कों की स्वीकृति:**
  - नई ऊर्जा नीति के तहत बुंदेलखंड में सोलर पार्कों के विकास को मंज़ूरी ।
  - **दो प्रमुख सौर परियोजनाएँ 1,500 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में विस्तारित होंगी।**
  - इसकी अपेक्षित क्षमता 450 मेगावाट है, जो इसे भारत के सबसे बड़े सौर पार्कों में से एक बनाती है।
- **नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य:**
  - **वर्ष 2026-2027 तक उत्तर प्रदेश के सौर ऊर्जा उत्पादन को 22,000 मेगावाट** तक पहुँचाने के लक्ष्य में योगदान देता है ।
- **वर्तमान सौर क्षमता:**
  - अगस्त 2024 तक, उत्तर प्रदेश सरकार ने कुल 3,280.15 मेगावाट सौर PV क्षमता स्थापित की है, जिसमें शामिल हैं:
    - **उपयोगिता-स्तरीय परियोजनाओं से** लगभग 2,965.12 मेगावाट।
    - छतों पर सौर ऊर्जा (Solar Rooftop) **स्थापित करने** से **260 मेगावाट** से अधिक।
    - ऑफ-ग्रिड सौर और कुसुम परियोजनाओं से लगभग 315 मेगावाट (नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) के आँकड़ों के अनुसार)।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-promotes-solar-energy-production